हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 हुनर को मिलेगा आर्थिक संबल, रोजगार...



07 शिक्षक दिवस पर 10 शिक्षक सम्मानित छात्रांकन...



खबर संक्षेप में

7 को भाजपा की जिला बैठक व कार्यशाला होगी

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला मंदसौर की जिला बैठक एवं कार्यशाला 7 सितंबर को 11 बजे जिला मुख्यालय स्थित पदमावती परिणय रिसोर्ट मंदसौर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ,भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, विधायक गण एवं पूर्व विधायक गण आदि कि गरीमामय उपस्थिति में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित कि अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, अभियान, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सेवा गतिविधियों तथा विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जाएंगे।

केशव सत्संग भवन में मना जन्माष्टमी व नंद महोत्सव, बंटी प्रसाद

मंदसौर। केशव सत्संग भवन खानपुरा में सनिष्ठानंद महाराज का दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का आयोजन 29 जुलाई से 26 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन स्वामी जी द्वारा प्रातः 8.30 से 10 बजे तक शिव महापुराण के गूढ़ रहस्यों पर आधारित आध्यात्मिक प्रवचन दिए जा रहे हैं। केशव सत्संग भवन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रात्रि 12 बजे श्री श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया और भगवान की आरती की गई। शनिवार को नंद महोत्सव मनाया गया नंद बाबा के यहां पर भगवान का जन्म हुआ जिसकी सभी ने खुशियां मनाई। इस अवसर पर स्वामी सनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि प्राणी मात्र का उद्धार करने के लिए भगवान धरती पर अवतरित होते है। जब धरती पर अधर्म बढता है तो उस अधर्म नाश करने के लिए भगवान के अवतार होते है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भगवान विष्णु के अवतार के रूप पर धरती पर हुआ और श्रीमद भागवत गीता के माध्यम से भगवान ने हमको जीवन के कई रहस्यों से परिचित करवाकर उपदेश दिये। इस अवसर पर केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया ने बताया कि यह हमारी पुण्यवानी है जो हम भगवान का जन्म महोत्सव मना पा रहे है। भगवान का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे है। इस अवसर पर बंशीलाल टांक द्वारा ब्रज के गीतों का गायन किया गया।

छात्रों ने गुरुजनों को उपहार भेंटकर चरण वंदना की

शिक्षक दिवस पर शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा






प्रख्यात शिक्षाविद, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके तहत शासन, प्रशासन के साथ शिक्षण संस्थानों तथा छात्रों द्वारा अपने गुरुओं का सम्मान कर उनकी चरण वंदना की जाती है। नगर सहित क्षेत्र की शिक्षण संस्थानों में भी अध्यनरत छात्रों द्वारा अपने गुरुओं को सम्मान कर उन्हें भेट प्रदान की गई। शिक्षक वह दीपक है, जो स्वयं जलकर दूसरों का जीवन प्रकाश मान करता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी का जीवन सफल और सार्थक बनता है।

इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए शा. उ. मा. विद्यालय परिसर सुईगांव में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में भाषण, कविताएँ, गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार लोहार ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाने और उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के लिए मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया। अंत में सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरा समारोह आनंद, सम्मान और उत्साह से भरपूर रहा।

प्रबुद्ध व्यक्तियों ने किया सम्मान

आगर नगर के विवेकानंद कॉलोनी के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने सोमेश्वर मंदिर विवेकानंद पार्क में शिक्षक दिवस का पर्व डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णनजी के जन्मदिन के रुप में मनाकर योगाचार्य हरीश कुमार श्रीवास्तव एवं प्राचार्य के.सी. मालवीय पालखेड़ी का अंग वस्त्र , साफा बांधकर व फूल माला से सम्मान किया गया। इस अवसर पर हरिनारायण गुर्जर भूतपूर्व सैनिक के साथ अन्य रहवासी भी उपस्थित थे।



कांग्रेस जनों ने भी किया शिक्षकों का सम्मान

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भी शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान किया गया, जिसमें नारायण प्रसाद विठ्ठल के गृह निवास पर जाकर कांग्रेस परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया और उनको स्वस्थ रहे स्वस्थ रहें की मंगल कामना की गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस गुरुजनों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं सम्मानभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण तथा सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापिका दिव्या गोस्वामी एवं मोनिका मालवीय ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त करते हुए शिक्षकों का सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक के महत्व एवं गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थी के जीवन का मार्गदर्शक एवं संस्कारदाता होता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना रखते हुए उनके आदर्शों एवं संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में आवासीय विद्यालय के प्राचार्य महेश वप्ता, छात्रावास अधीक्षक कमल किशोर गोठी, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बी.एड. एवं डी.एल.एड. के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

श्री साईंनाथ धर्मोत्सव समिति ने किया मटकी फोड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्री साईंनाथ धर्मोत्सव समिति द्वारा भव्य मटकी फोड़ का आयोजन किया गया।

इस दौरान गोविंदा आला रे की गूंज सुनाई दी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के सरदार पटेल चौराहे पर श्री साईंनाथ धर्मोत्सव समिति द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री साईंनाथ धर्मोत्सव समिति द्वारा लगातार पिछले पांच वर्षों से कृष्ण जन्माष्टमी पर इस आयोजन की परंपरा को निभाया जा रहा है। इस वर्ष भी कार्यक्रम में नगर के युवाओं ने पूरे जोश, उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मटकी फोड़ने को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा चौराहा जय श्रीकृष्ण एवं गोविंदा आला रे के जयघोष से गूंज उठा। मटकी फोड़ के इस आयोजन में ऊंचाई पर मटकी को बांधा गया था जिसे नारियल से निशाना लगाकर फोड़ना था। जिसमे बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथ आजमाया। रात्रि लगभग 11 बजे सतीश प्रजापति द्वारा मटकी को नारियल फेक कर फोड़ा गया। मटकी फूटते ही सम्पूर्ण चौराहा जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन समिति द्वारा विजेता को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

शासकीय महाविद्यालय दलौदा में शिक्षक दिवस मनाया

दलौदा। शासकीय महाविद्यालय दलौदा में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीकृष्ण एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें कर्म, कर्तव्य एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, वहीं डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा एवं शिक्षक के सम्मान को नई ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में प्रो. गोविंद राठौर, प्रो. सूरज सिंह राठौर, डॉ. माला हकवाड़िया, प्रो. आमिर खान, प्रो. राजेश कुमार हाड़ा, प्रो भावना पाटीदार प्रो. मेघा जोशी, प्रो. प्रिया जैन सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार पिलोदिया ने किया।

शिक्षकों का सम्मान कर विद्यार्थियों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।सरस्वती वंदना जेविका शर्मा, गरिमा त्रिवेदी एवं अवनि दुबे ने प्रस्तुत की। इसके पश्चात कक्षा 11वीं की छात्राओं सलोनी पाठक एवं कविता चौहान ने गणेश वंदना पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मान स्वरूप आकर्षक उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए चेयर रेस एवं पहेली बूझो प्रतियोगिता आयोजित की

शिक्षक दिवस व राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता संपन्न



गई। प्रतियोगिता में हारने वाले शिक्षकों को डांस अथवा भजन प्रस्तुत करने की रोचक शर्त रखी गई, जिससे कार्यक्रम में खूब हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। संस्था की ओर से सभी शिक्षकों को आकर्षक उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रानू फूलेरिया, कविता चौहान, लक्ष्मी गुजराती एवं रूखमणी मालवीय ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राइमरी सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सजकर पहुंचे और मनमोहक भजनों पर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। संस्था द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष जीवनप्रसाद शर्मा, प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा, प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा, प्रगणेश दुबे, गौरव चावड़ा, शिवनारायण परमार, अनोखीलाल जामालिया बोरखेड़ी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

चातुर्मास के दौरान बह रही त्याग तपस्या धर्म की गंगा

52 सिद्धि तप की 45 दिवसीय महा दीर्घ तपस्या मेहंदी रस्म वधामणे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



52 सिद्धि तप की 45 दिवसीय महा दीर्घ तपस्या एवं दो 30 दिवसीय मासक्षमण की तपस्या जो मात्र गर्म जल के आधार पर पूर्ण की जाती है ऐसी दीर्घ तपस्या में 10 वर्ष के नन्हें बालकों से लगाकर सभी तपस्वी तपस्या की पूर्णता की और अग्रसर है। जैन समाज महिदपुर रोड ने ऐसी कठिन तपस्याओं कर नगर में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसकी पूर्णता पर 17 तारीख को नगर में तपस्वी के अनुमोदनाथ भव्य आयोजन के साथ रथ यात्रा संपन्न की जाएगी। महिदपुर रोड नगर में चातुर्मास में धर्म आराधना तप साधना गंगा प्रतिदिन प्रवाहित हो रही है जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु स्नान कर महान पुण्य का उपार्जन कर रहे हैं। साथ ही नगर में 52 सिद्धि तप की 45 दिवसीय महा दीर्घ तपस्या एवं दो 30 दिवसीय मासक्षमण की तपस्या जो मात्र गर्म जल के आधार पर पूर्ण की जाती है। ऐसी दीर्घ तपस्या में 10 वर्ष के नन्हें बालकों से लगाकर सभी तपस्वी तपस्या की पूर्णता की और अग्रसर है। जैन समाज ने ऐसी कठिन तपस्याओं कर नगर में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसकी पूर्णता पर 17 तारीख को नगर में तपस्वी के अनुमोदनाथ भव्य आयोजन रथ यात्रा संपन्न की जाएगी।

महा प्रभावशाली उवसग्गहरं महापूजन आज होगा

श्री संघ में हुई विभिन्न तप अनुमोदनार्थ त्रिदिवसीय जिनेंद्र भक्ति महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नीमच में स्थित विकास नगर के पवित्र प्रांगण में श्री संघ में हुई नमिऊण तप, अठाई तप, अठ्ठम आदि विविध तप अनुमोदनार्थ त्रिदिवसीय जिनेंद्र भक्ति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत रविवार को उवसग्गहरं महापूजन के साथ गौतम प्रसादी का कार्यक्रम होगा। जानकारी देते हुए महावीर जिनालय श्री संघ अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया तथा चातुर्मास समिति संयोजक राजमल छाजेड़ ने बताया कि श्री महावीर जिनालय विकास नगर में इस वर्ष रत्न निधि श्रीजी, पुण्य निधि श्रीजी आदि ठाणा -5 द्वारा चातुर्मासिक आराधना करवाई जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा निश्रा में समाज में हुई विविध तपस्या के अनुमोदनार्थ तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव 4 सितंबर से प्रारंभ हुआ है।

महोत्सव के प्रथम दिवस महा प्रभावशाली श्री नमिऊण साधना व मूल मंत्र के साथ श्री नमिऊण महा अभिषेक लाभार्थी सागर बाई मूलचंद बंबोरिया परिवार की ओर से रखा गया। 5 सितंबर शनिवार को महा प्रभावी रिद्धि मंत्र के साथ श्री भक्तामर महा अभिषेक का कार्यक्रम चंद्रलेखा मनोहर लाल जी, अनिल, संजय, युवराज बेगानी परिवार की ओर से रखा गया। शनिवार को ही तप अनुमोदनार्थ चौवीसी व मेहंदी वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के लाभार्थी बाबूलाल गौरव एकांत मेहता परिवार नीमच रहा। आंचलिया ने बताया कि 6 सितंबर रविवार को विघ्न विनाशक श्री उवसग्गहरं महापूजन तथा गौतम प्रसादी का कार्यक्रम लाभार्थी केसरीमल पारसमल राजमल चंद्रप्रकाश छाजेड़ परिवार नीमच की ओर से रखा गया है। महापूजन का विधि विधान सुप्रसिद्ध विधि कारक प्रवीण भाई जैन रुणीजा द्वारा मंत्रोच्चार तथा विधि विधान के साथ करवाया जा रहा है। सायंकाल 7 बजे से प्रभु भक्ति व तप वधावणा का रंगारंग कार्यक्रम सुप्रसिद्ध मधुर गायिका डॉक्टर सीमा दफ्तरी जयपुर द्वारा संपन्न करवाया जाएगा।

नंदलाल को पालने में झुलाया, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर में दिनभर विभिन्न धार्मिक आयोजनों की धूम रही। सुबह से ही श्रीकृष्ण मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा कर भगवान श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का विशेष एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिरों को गुब्बारों, पुष्पमालाओं एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया, जिन्हें देखने और भगवान के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के विभिन्न कृष्ण मंदिरों में नंदलाल को पालने में झुलाने की परंपरा निभाई गई। वहीं कई स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं जीवन प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं।

मध्यरात्रि में हुआ कृष्ण जन्मोत्सव

रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के बाद आरती की गई। मध्यरात्रि में मंदिरों में मंजीरे, घंटी और घंटाल की गूंज के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए और नंदलाल को पालने में झुलाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।नगर के सराफा बाजार स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, दर्जी मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, जोशीजी के निवास स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, बड़ा राम मंदिर, राजवाड़ा स्थित श्रीराम मंदिर सहित हिंगलाज देवी मठ में भी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हिंगलाज देवी मठ में भगवान श्रीकृष्ण एवं मां हिंगलाज देवी की आरती पुजारी आशीष चतुर्वेदी द्वारा की गई।

भक्तों को बांटा प्रसाद

जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं को फलाहारी खिचड़ी, पंजेरी, सिंघाड़े, धनिया, खोपरा-बूरा एवं खीर सहित विभिन्न प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे।वहीं नगर के बड़ा राम मंदिर एवं कन्याशाला स्कूल के पास स्थित राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भजन-कीर्तन का आनंद लेते रहे। पूरे नगर में जन्माष्टमी पर्व को लेकर धार्मिक उल्लास और कृष्ण भक्ति का वातावरण बना रहा।

खबर संक्षेप

छात्रावास में जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस मनाया



सोनकच्छ। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सोनकच्छ में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इनर व्हील क्लब ऑफ यूनिक सोनकच्छ की अध्यक्ष इंदु अकोतीया थीं। अध्यक्षता क्लब की एडिटर व चार्टर सदस्य तथा छात्रावास अधीक्षिका ज्योति वाडेकर ने की। विशेष अतिथि क्लब की सक्रिय सदस्य पूनम पाटनी रहीं।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की। छात्रा वंदना मालवीय ने जन्माष्टमी के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद बालिकाओं ने सरस्वती वंदना सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।अधीक्षिका ज्योति वाडेकर ने शिक्षक दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बालिकाओं को वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प दिलाया। अतिथियों का स्वागत कशिश वर्मा ने किया।

बघेल संभालेंगी महिला जिलाध्यक्ष की कमान



सोनकच्छ। महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल रविवार को देवास में पदभार ग्रहण करेंगी। शाम 4 बजे उज्जैन रोड स्थित अमर मोहिनी गार्डन में समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, कृपाशंकर शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी ममता वशिष्ठ के भी शामिल होने की संभावना है।पदभार ग्रहण से पहले दोपहर 2 बजे सोनकच्छ से स्वागत जुलूस निकलेगा, जो बस स्टैंड, पुष्पगिरी, नेवरी फाटा, भौरासा टोल टैक्स, जामगोद, खटांबा, देवास बायपास, भोपाल चौराहा, देवास बस स्टैंड और उज्जैन चौराहा होते हुए अमर मोहिनी गार्डन पहुंचेगा।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने नि:शुल्क सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हुनर को मिलेगा आर्थिक संबल, रोजगार शुरू करने ऋण भी दिलाएंगे: मंत्री चौहान

महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। इसी के तहत केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खातेगांव में नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने प्रशिक्षण के लिए आईं महिलाओं से आत्मीय चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाया। खातेगांव में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम से केन्द्रीय मंत्री चौहान ने वर्चुअली माध्यम से विदिशा, सीहोर और रायसेन के प्रशिक्षण केंद्रों का भी एक साथ शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंत्री चौहान ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य किया जा रहा है।

आरसेटी के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं स्वयं का रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। आरसेटी के माध्यम से व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि देवास जिले में 25 सितंबर से 'समृद्धि अभियान' का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के माध्यम से प्रदेश की बहनों के खातों में राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 50 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश में स्वयं सहायता समूहों को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण के शुभारंभ के उपरांत केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को उल्लासपूर्ण माहौल में खातेगांव क्षेत्र की सैकड़ों बहनों ने कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबे और यशस्वी जीवन की कामना की। मंत्री चौहान ने खातेगांव में आयोजित एक 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह' में सहभागिता की। खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशस्ति पत्र और लैपटॉप का वितरण किया गया।

कलेक्टर और एसपी ने किया नेमावर में नर्मदा घाट का औचक निरीक्षण

व्यवस्थाओं में लापरवाही पर सख्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतु राज सिंह एवं एसपी पुनीत गेहलोद ने नेमावर में नर्मदा घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान होमगार्ड के कर्मचारियों से आपातकालीन स्थितियों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि घाट पर सुरक्षा व्यवस्था इस प्रकार चाक-चौबंद होनी चाहिए कि किसी भी आपात स्थिति में रिस्पॉन्स टाइम अधिकतम एक मिनट का हो। उन्होंने लाइव जैकेट की क्वालिटी भी जांची। यदि कोई नाविक बिना लाइफ जैकेट के नाव चलाते हुए पाया जाता है, तो उस पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाए। निरीक्षण के दौरान नाबालिग लड़कों द्वारा नाव चलाए जाने की गंभीर लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर सिंह ने नाराजगी व्यक्त कर संबंधित थाना प्रभारी को कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए।

वनकर्मियों पर हमला मामले में फरार 4 और आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

थाना कमलापुर क्षेत्र के ग्राम भील आमला में वन भूमि से अवैध कब्जा हटाने गई वन विभाग की टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में घटना के दिन ही 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। चार और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस प्रकरण में अब तक कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 13 जून को ग्राम भील आमला में वन विभाग की टीम वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए पहुंची थी।

इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने वनकर्मियों के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए उन पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया था। हमले में छह वनकर्मी घायल हुए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने 4 सितंबर को फरार चल रहे आरोपी मुकेश मसानिया, राजेश डावर, लोकेश डावर एवं राजाबाबू को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि घटना के दिन मुख्य आरोपी दुलीचंद सहित गांव के अन्य लोगों ने वनकर्मियों के खिलाफ लोगों को भड़काया था, जिसके बाद वन विभाग की टीम पर ईंट-पत्थरों से हमला किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को न्यायालय बागली के समक्ष पेश किया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक भीम सिंह गणावा, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश, आरक्षक अरुण वर्मा, आरक्षक विवेक गांगे, सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी तथा साइबर सेल देवास के प्रधान आरक्षक सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन, पूर्व मंत्री वर्मा ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम डकाचिया स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी कथा स्थल पहुंचे और श्रीमद् भागवत कथा का पूजन कर कथा वाचक पंडित सुरेश नागर से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित सुरेश नागर ने श्रद्धालुओं को हरि नाम की महिमा का श्रवण कराया। पंडित सुरेश नागर ने बताया कि ग्राम डकाचिया में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन की परंपरा करीब 40 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। समय के साथ यह आयोजन ग्रामीणों के लिए केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था और उत्सव का प्रमुख पर्व बन चुका है। उल्लेखनीय है कि पंडित सुरेश नागर से पूर्व उनके पिता ब्रह्मलीन पंडित रामप्रसाद नागर भी गांव में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया करते थे। ग्रामीणों ने इस धार्मिक परंपरा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत बनाए रखा है।कथा के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने प्रसादी ग्रहण की।

बारिश के बीच भी उल्लास से के साथ मनाया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस वर्ष भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। बारिश के बीच मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो इंद्रदेव भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर उनका स्वागत कर रहे हों। शाम करीब 6 बजे खेड़ा भौरासा से प्रारंभ हुए जुलूस में भगवान लड्डू गोपाल के बाल स्वरूप को फूलों से सजी पालकी में विराजित किया गया। ढोल-ढमाकों, बैंड-बाजों और धार्मिक धुनों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा और महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान विधायक डॉ. सोनकर ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भी भाग लिया और आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ी, जिसे देखकर उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। बड़े हनुमान चौक पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन देर रात तक चलता रहा। चल समारोह के शुभारंभ से पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, ठाकुर यशवंत सिंह राजपूत, यादव समाज अध्यक्ष मनीष यादव, ओम पटेल सहित समाजजन एवं जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़, संतोष यादव, विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

सेन थॉम एकेडमी ने उल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में शिक्षक दिवस का आयोजन समर्पण, कृतज्ञता और हर्षोल्लास के साथ किया गया।समारोह का शुभारंभ अकादमी की निदेशिका हैन्सी थॉमस एवं प्राचार्य पुनीत उपाध्याय द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात भारत के महान विद्वान, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग और उनके जीवन निर्माण में योगदान के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। स्कूल कैप्टन रवीना चौधरी एवं डिप्टी स्कूल कैप्टन इशिता शर्मा ने समस्त विद्यार्थी समुदाय की ओर से शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।समारोह में विद्यार्थियों द्वारा एक हृदयस्पर्शी लघु नाटिका भी प्रस्तुत दी गई। प्रस्तुति ने उपस्थित शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को भावुक कर दिया।विद्यार्थियों के विद्यालय से प्रस्थान के बाद भी शिक्षक दिवस समारोह जारी रहा। इसके पश्चात शिक्षकों ने निदेशिका हैन्सी थॉमस के साथ आनंदपूर्ण एवं यादगार समय बिताया। सेन थॉम एकेडमी की सहयोगी संस्था सेन थॉम पब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ भी भोपाल रोड परिसर में आयोजित इस समारोह में उपस्थित रहा। संस्था के अध्यक्ष सुनील थॉमस ने भी इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रबंधन ने स्टाफ के प्रत्येक सदस्य के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

शिक्षक दिवस पर संकुल प्रभारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



भारत के महान शिक्षाविद्, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल कांटाफोड़ के संकुल प्रभारी राकेश तिवारी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहारदा के संकुल प्रभारी कमलेश उपाध्याय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहारदा के संकुल प्रभारी परमानंद मालवीय का पत्रकार रविन्द्र परमार, मनोज डाबी, सुनील शर्मा एवं अरविंद भूतड़ा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संकुल प्रभारी राकेश तिवारी ने कहा कि "शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबों का ज्ञान नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण करता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा और शिक्षक के महत्व को पूरे विश्व के सामने स्थापित किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल एवं प्रेरणादायी योगदान की सराहना की गई।

जिला जेल में उल्लास से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, किया गौ-पूजन

विधायक चौधरी ने गौवंश शेड के लिए स्वीकृत किए 15 लाख





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिला जेल देवास में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर जहां जेल परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी सजाई गई, वहीं जिला जेल स्थित आदर्श गौशाला में विशेष साफ-सफाई अभियान, संगोष्ठी, गौ-पूजन एवं गौ-रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिला जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने बताया कि आदर्श गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनोज चौधरी ने गौ-पूजन कर गौ-रक्षा सूत्र बांधा।

उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए गौ-सेवा एवं गौ-संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा समाज में गौ-सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक चौधरी द्वारा गौवंशों के संरक्षण एवं उनके आवास की बेहतर व्यवस्था के लिए शेड निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित गौशाला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौ-सेवा, गौ-संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान आदर्श गौशाला परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। इधर, जिला जेल परिसर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शोभाराम सोलंकी उपस्थित रहे। सोलंकी ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। पुरुष एवं महिला बंदियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बंदियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों एवं श्रीमद्भगवद्गीता के संदेशों से जुड़े धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

आकर्षक झांकी के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया। अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला जेल प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, बंदीगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सेवा आश्रम पहुंचकर सादगी से मनाया विधायक भंवरा का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजवाड

बागली विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मुरली भंवरा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में टीम मुरली भंवरा द्वारा चंद्रकेश्वर करुणावन सेवा आश्रम पहुंचकर बेहद सादगीपूर्ण तरीके से जन्मदिन मनाया गया। तेज सिंह सेधव , राहुल शर्मा , निहाल सेंधव, विशाल सेंधव सहित टीम के सदस्यों ने सेवा आश्रम में समय बिताया और विधायक मुरली भंवरा के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में मनाने के बजाय सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जोड़ना ही इस अवसर की सार्थकता है।इस दौरान टीम मुरली भंवरा के सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम सादगी और सेवा भावना के साथ संपन्न हुआ।

खबर संक्षेप

दिव्यांग युवक को घर से बुलाकर पीटा

ललितपुर। थाना बालाबेहट क्षेत्र में एक दिव्यांग युवक को घर से बुलाकर ले जाने के बाद उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बालाबेहट क्षेत्र के वैदेही मंदिर मोहल्ला निवासी बाबूलाल कुशवाहा पुत्र खुशीलाल कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक पैर से दिव्यांग हैं। आरोप है कि 3 सितंबर की रात करीब 10 बजे ग्राम कछियाहार निवासी हाकिम यादव पुत्र बादल यादव और अमित यादव उनके घर पहुंचे और उन्हें अपने साथ बुलाकर सचिन यादव के ढाबे पर ले गए। ढाबे पर आरोपियों ने उनसे कुछ सामान बनवाया। इसके बाद उन्हें देसी शराब के ठेके के पास आने के लिए कहा गया। आरोप है कि जब बाबूलाल बताए गए स्थान पर पहुंचे तो दोनों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की। मारपीट में उनके शरीर पर चोटें आईं।

वर्धमान ट्रस्ट का 15वां छात्रवृत्ति वितरण आज

ललितपुर। वर्धमान एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से पन्द्रहवां छात्रवृत्ति वितरण समारोह एवं ट्रस्ट के नए संरक्षक सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह का आयोजन 6 सितंबर को दोपहर 1 बजे श्री दिगम्बर जैन अटा मंदिर जी में किया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार कार्यक्रम में आचार्य श्री 108 विशद सागर महाराज, आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज एवं निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 विशाल सागर महाराज का मंगल आशीर्वाद एवं सान्निध्य प्राप्त होगा। समारोह की अध्यक्षता नपाध्यक्ष सोनाली जैन करेंगी। वहीं श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी डा.अक्षय टडैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में आकाश जैन, सनत जैन, सौरभ जैन सी.ए., अजय जैन, मनोज जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट के नए संरक्षक सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा।

जल बिहार महोत्सव को लेकर आज होगी आमसभा

ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं. ब्रजेश चतुर्वेदी एवं प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि जल बिहार (डोल ग्यारस) महोत्सव को लेकर रविवार, 6 सितंबर को एक आमसभा आयोजित की जाएगी। आमसभा का आयोजन श्रीरघुनाथ जी बड़ा मंदिर, चौबेयाना पर दोपहर 1.30 बजे से किया जाएगा। बैठक में नगर के समस्त देवालयों के प्रबंधकों एवं पुजारियों के साथ-साथ नगर के नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी जल बिहार उत्सव की तैयारियों पर विचार-विमर्श करना तथा आयोजन को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सभी से सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में उत्सव की व्यवस्थाओं, आयोजन की रूपरेखा तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। समिति के अध्यक्ष पं. ब्रजेश चतुर्वेदी एवं प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर आमसभा में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दें।

आईटीआई में प्रवेश अब 7 सितंबर तक

ललितपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए राहत की खबर है। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने सत्र अगस्त-2026 में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब चयनित अभ्यर्थी 7 सितंबर की रात 12 बजे तक संबंधित राजकीय आईटीआई में अपना प्रवेश सुनिश्चित करा सकेंगे। इससे पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 4 सितंबर निर्धारित की गई थी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अनुसार ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली और मड़ावरा में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

मुख्यमंत्री के गोरखपुर कार्यक्रम का बीआरसी जखौरा में हुआ प्रसारण

शिक्षक दिवस पर 10 शिक्षक सम्मानित छात्रांकन बढ़ाने वालों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) जखौरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर से आयोजित शिक्षक दिवस समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान जनपद के शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान तथा बीएसए रत्नेश कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों एवं शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 61 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद जनपद ललितपुर में आयोजित कार्यक्रम में गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यालयों में छात्रांकन बढ़ाने और बेहतर विद्यालय संचालन में योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मोहम्मद इसरार, प्राथमिक विद्यालय बुढ़वार, निधि पचोरी, प्राथमिक विद्यालय दंगा, अजय श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय बरखिरिया, मनीष जैन, प्राथमिक विद्यालय पंचमपुर, सुनील कौशिक, प्राथमिक विद्यालय रायपुर, मनोरमा साहू, प्राथमिक विद्यालय सिलावन, गजेंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय नत्थीखेड़ा, अशोक कुमार, कंपोजिट विद्यालय बालाबेहट; प्रमोद राय, कंपोजिट विद्यालय सोजना; तथा रविशंकर झा, उच्च प्राथमिक विद्यालय हसरा शामिल रहे। इसके अलावा गरिमा जैन, उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलहरी को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाना केवल आंकड़ों तक सीमित उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाने और बच्चों को विद्यालय से जोडऩे का महत्वपूर्ण प्रयास है। शिक्षकों से इसी तरह नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बेहतर विद्यालय संचालन के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोडऩे का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बीएसए रत्नेश कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों सहित सभी शिक्षकों को इसी प्रकार मेहनत करते हुए छात्र संख्या बढ़ाने, विद्यालयों का बेहतर संचालन करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संचालन एआरपी इंदर सिंह पटेल ने किया। आयोजन में सिंघई विकास जैन, मनोज विश्वकर्मा, दिलीप सेन, अभिषेक राजपूत, विकास राजपूत, अनिल पंथ, मनीष जैन, मोहम्मद अंसार, मोहम्मद साजन, मोहम्मद उमर, मनोज कुशवाहा और राम लखन श्रीवास्तव ने सहयोग प्रदान किया।

यातायात पुलिस ने संभाली व्यवस्था

रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे ट्रक खराब होने से राजघाट मार्ग पर जाम लगा



राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजघाट मार्ग पर सिलगन रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे गुरुवार रात एक ट्रक खराब हो जाने से भीषण जाम लग गया। ट्रक के बीच सड़क पर खराब होने केकारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ललितपुर मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर राजघाट मार्ग पर गुरुवार रात करीब 10 बजे राजघाट की ओर जा रहा एक ट्रक सिलगन रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे अचानक खराब हो गया। अंडर ब्रिज के नीचे सड़क अपेक्षाकृत संकरी होने के कारण ट्रक के खराब होते ही यातायात प्रभावित हो गया और देखते ही देखते दोनों दिशाओं में वाहनों की कतारें लग गईं। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि देर रात तक यातायात सामान्य नहीं हो सका। रात करीब 12 बजे तक भी ट्रक को मौके से हटाया नहीं जा सका था, जिसके चलते वाहन चालक जाम में फंसे रहे। कई वाहन चालकों को काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस कर्मियों ने यातायात को व्यवस्थित करने के साथ ही फंसे हुए वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग से निकलने की सलाह दी, ताकि मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव कम किया जा सके। यातायात प्रभारी आलोक तिवारी ने बताया कि खराब ट्रक को जल्द से जल्द मौके से हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। ट्रक हटते ही यातायात व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है।

भाकियू लोकशक्ति ने सौंपा ज्ञापन

मूसलाधार बारिश से फसलें तबाह मुआवजा व बीमा दिलाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पिछले तीन दिनों से हुई लगातार मूसलाधार बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में जलभराव और नदियों-नालों के उफान के चलते उड़द, मूंग, मूंगफली, मक्का, तिल और सोयाबीन की फसलें बर्बाद होने का दावा किया गया है। फसल नुकसान को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के पदाधिकारियों एवं किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की। भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की स्थिति बेहद खराब हो गई है। संगठन की टीम ने बिरधा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पहुंचकर फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। संगठन के अनुसार बिरधा ब्लॉक के लगभग हर गांव में बारिश और जलभराव से फसलें प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि खेती ही उनकी आय का प्रमुख साधन है। बड़ी संख्या में किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेकर खेती में पूंजी लगाई थी। अब फसलें नष्ट होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और बैंक ऋण चुकाने की चिंता भी बढ़ गई है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की कि राजस्व विभाग की टीम और संबंधित फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से खेतों का जल्द सर्वे कराया जाए। नुकसान का वास्तविक आकलन कर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए। भाकियू लोकशक्ति ने प्रशासन से बारिश से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने तथा फसल नुकसान की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि संकट की इस घड़ी में किसानों को तत्काल सरकारी सहायता और बीमा लाभ दिलाया जाना आवश्यक है।

शराब के नशे में दो युवकों में विवाद में मारपीट

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को शराब के नशे में दो युवकों के बीच विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की। पुलिस की जांच में सामने आया कि विवाद के दौरान विपक्षी महेन्द्र अहिरवार ने छल्ले में लगी चाबी से वादी बबलू अहिरवार के साथ मारपीट की। पुलिस के अनुसार मारपीट में बबलू अहिरवार के दाहिने हाथ की कोहनी पर चोट आई है। घटना के संबंध में लगाए गए चाकू से हमला करने के आरोप को पुलिस ने जांच में असत्य एवं निराधार बताया है।

डीएम व एसपी ने दूरस्थ तहसील मड़ावरा में सुनी जनशिकायतें

पंयायत की लाइब्रेरी का निरीक्षण कर डीएम ने कहा डिजिटल शिक्षा से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनसुनवाई को सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ जनशिकायतों के त्वरित व पारदर्शी समाधान हेतु माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जनपद की दूरस्थ तहसील मड़ावरा में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने जनता की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व धरातलीय स्तर पर होना चाहिए, इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आवेदकों की संतुष्टि के आधार पर शिकायत का निस्तारण कागजों पर नहीं, धरातल पर दिखे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना और मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया। राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत, समाज कल्याण और समाज स्वास्थ्य से संबंधित। अवशेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए उन्होंने समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए। थे। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए तय समय सीमा के भीतर पीड़तों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

शिकायतकर्ता की उपस्थिति में कराएं स्थलीय निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, यही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी द्वारा भ्रामक या दोष पूर्ण आख्या लगाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, अवैध कब्जे और चकमार्गों से जुड़े मामलों में दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निश्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उप कृषि निदेशक को मुआवजा दिलाने के निर्देश

आयोजन के दौरान तहसील मड़ावरा के विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों द्वारा अत्यधिक वर्षा के कारण उनकी फसलें नष्ट होने के कारण मुआवजे की मांग की, इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उप निदेशक कृषि को बुलाकर फसल बीमा योजना की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिये।

अतिवृष्टि से प्रभावित बीमित किसान टोलफ्री नम्बर पर दर्ज कराएं शिकायत

इस दौरान अधिकांश शिकायती पत्र फसल क्षति से सम्बंधि प्राप्त हुए, जिनके सम्बंध में जिलाधिकारी ने किसानों को बताया कि जनपद में हो रही लगातार वर्शा के दृश्टिगत जिन बीमित कृषकों की फसल क्षति हुई है, वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के भीतर अपनी शिकायत /सूचना अवश्य दर्ज कराएं। जनपद में सर्वे का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही ऋणी कृशकों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 सितम्बर कर दिया गया है। तय समय सीमा के भीतर अपनी शिकायत दर्ज कर लाभ उठाएं।

संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील मड़ावरा में कुल 78 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 38, पुलिस के 10, विकास के 08, जल निगम के 05 विद्युत के 08 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस का 01, विद्युत के 05, विकास विभाग के 10 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 19, पुलिस के 11, विकास के 08, विद्युत के 02, पूर्ति का 01 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10 तथा पूर्ति के 11 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए मड़ावरा में निर्मित लाइब्रेरी का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए हर संभव आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को उनके नवीन पाठ्यक्रम (सिलेबस) के अनुसार उच्च स्तरीय पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए। अध्ययन को सुगम बनाने के लिए ई-बुक्स, वाई-फाई और डिजिटल शिक्षण सामग्री (डिजिटल कंटेन्ट) की समुचित व्यवस्था हो।

इन अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित उपजिलाधिकारी मदन मोहन गुप्ता, तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप निदेशक कृषि अख्तर हुसैन, जिला कृषि अधिकारी रंजीत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव सहित लोक निर्माण विभाग, विद्युत एवं जल निगम, जल संस्थान, उद्योग के समस्त जनपद व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वरदानी भवन में भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम

नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों ने श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं का मंचन कर सभी का मन जीत लिया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जेलर प्रशांत उपाध्याय और अमर सिंह गौर ने श्रीकृष्णजी की आरती की। पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जब अधर्म और अत्याचार बढ़ते हैं, तब दिव्य शक्ति मानवता का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने सभी से सत्य, धर्म, प्रेम, शांति और सद्भाव अपनाने का आह्वान किया। बीके चित्ररेखा दीदी ने समझाया कि श्रीकृष्ण का कारागार में जन्म केवल ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि गहरा आध्यात्मिक संदेश है। अज्ञान, भय और विकारों के बंधन भी एक कारागार हैं। परमात्म-ज्ञान का प्रकाश ही मनुष्य को सच्ची स्वतंत्रता और शांति की ओर ले जाता है। जेलर साहब प्रशांत उपाध्याय जी ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन भीतर से शुरू होता है और आध्यात्मिक ज्ञान जीवन को नई दिशा देता है। संचालन करते हुए बीके मायारानी दीदी ने कहा कि हर फूल जानता है कि उसे मुरझाना है, फिर भी वह मुस्कुराकर खिलता है। जीवन भी यही सिखाता है कि परिस्थितियों को जानते हुए हर पल को सुंदरता से जिएं। अमर सिंह गौर ने शुभकामनाएँ दीं, जबकि विद्यासागर भाई जी ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। नन्हे कलाकारों की मासूम अदाओं और सुंदर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। उनके मंचन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और कलाकारों को ईश्वरीय सौगात एवं भोग प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और मानवीय मूल्यों का जीवंत संदेश बन गया। ज्ञान का प्रकाश जगते ही अज्ञान का कारागार टूटता है और जीवन में सच्ची शांति व मुक्ति का जन्म होता है।

पुलिस लाइन में मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई के साथ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विधि-विधान से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरा पुलिस लाइन परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने सपरिवार रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के भजन-कीर्तन में सहभागिता की। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर जन्माष्टमी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। एसपी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों सहित जनपदवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर पुलिस परिवारों में खासा उत्साह नजर आया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने भी भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके संदेश को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए

5 राज्यों में चोरियां करने वाली बागरिया गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार, जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

बागरिया गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गैंग मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में चोरी की वारदातें करता हे। आरोपियों के पास से करीब 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर मिले हैं। गैंग के चार अन्य आरोपी फरार हैं। एसपी विनोद कुमार मीना ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस से रूबरू होकर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को कोतवाली थाना क्षेत्र की हाउसिंग कॉलोनी में चोरी हुई थी। बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। दो अलमारियों से करीब 20 हजार नकद और सोने-चांदी के पुराने जेवर चोरी किए गए थे। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। इसके बाद पुलिस टीम ने जांच शुरू की।





जांच के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 17 चोरी की घटनाओं के बारे में जानकारी दी है। इनमें इंदौर, रतलाम, आगरा, राजसमंद, नाथद्वारा, उदयपुर, मालेगांव, धुलिया, दिल्ली और गुरुग्राम की वारदातें शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, गैंग के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते थे। इसके बाद घर के लोगों से संपर्क करते थे। कभी पानी मांगने तो कभी कोई सामान रिपेयर करने के बहाने घर में घुसते थे। इस दौरान वे घर की स्थिति, परिवार की दिनचर्या और सुरक्षा की जानकारी लेते थे। इसके बाद मौका देखकर ताला तोड़ते और चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। इसके अलावा दो टॉमी, एक इलेक्ट्रॉनिक कटर, दो ग्लव्स और एक प्लास्टिक प्लास भी मिला है। पुलिस के मुताबिक, इनका इस्तेमाल चोरी में किया जाता था।

चार आरोपियों पर 27 केस दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गैंग के चार आरोपियों के खिलाफ राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में कुल 27 केस दर्ज हैं। शिवराम उर्फ हनुमान पर 16 केस दर्ज बताए गए हैं। इनमें इंदौर, दिल्ली, उदयपुर, भिनाय, गुलाबपुरा और केकड़ी समेत कई जगहों के मामले शामिल हैं। उमराव पर पांच, जबकि सांवरा और सूरज पर तीन-तीन केस दर्ज बताए गए हैं।

दो गिरफ्तार, चार आरोपी फरार

आरोपियों में शिवराम उर्फ हनुमान पिता लादूराम बागरिया, निवासी देवरिया कलां, अजमेर और कालूराम पिता रतनलाल बागरिया, निवासी चंपानेरी, अजमेर शामिल हैं। फरार आरोपियों में सांवरा पिता रमेश बागरिया, सूरज पिता रमेश बागरिया और मदनबौदिया उर्फ सांवरा, निवासी अजमेर जिले के अलग-अलग गांव शामिल हैं। उमराव, निवासी कोटिया, भीलवाड़ा और वर्तमान में विजयनगर, ब्यावर में रहने वाला आरोपी भी फरार बताया गया है। एसपी के मुताबिक, फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनसे पूछताछ के बाद चोरी की अन्य वारदातों और चोरी के माल के बारे में जानकारी मिल सकती है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से करीब 20 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। अब पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ चोरी की दूसरी वारदातों और बाकी माल की बरामदगी पर जांच कर रही है।

शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवास/देवड़ा

भवन कॉन्वेंट हाई स्कूल, रेवास देवड़ा में शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलसी जोशी एवं विशिष्ट अतिथि चेतन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक शैलेंद्र नागर तथा प्राचार्य रचना नागर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय में पूर्व में आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु के महत्व, अनुशासन एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। समारोह ने विद्यालय परिवार में गुरु-शिष्य के सम्मान और आत्मीयता को और अधिक मजबूत किया।

मंदसौर में सजेगा साहित्य और संस्कृति का महाकुंभ

मंदसौर। साहित्य, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का पावन महायज्ञ 'मालव श्री अलंकरण समारोह एवं हिंदी महोत्सव' रविवार को मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों के साहित्यकार लेखक और कवि शामिल हो रहे हैं। यह जानकारी आयोजन समिति अध्यक्ष एवं साहित्यकार मोहित गोस्वामी ने देते हुए बताया कि दशपुर साहित्य मंच (मालव प्रांत, म.प्र.) तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस षष्ठम

'मालव श्री अलंकरण व हिंदी महोत्सव' का आज आयोजन

अलंकरण समारोह का मुख्य संकल्प गोष्ठियाँ जीवंत रहें सदा रखा गया है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा (जबलपुर) के संस्थापक कवि और साहित्यकार संगम त्रिपाठी, प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि एवं विचारक रामवल्लभ गुप्त 'इन्दोरी', स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, उज्जैन के वरिष्ठ कवि डॉ. राजेश रावल, जन परिषद संस्था के प्रांतीय सह सचिव पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल मंदसौर तथा प्रेस क्लब संरक्षक बृजेश जोशी मंदसौर मंचासीन अतिथि रहेंगे। इसके अलावा विशेष मेहमानों (पाहुणा) के रूप में इंदौर से कवि अतुल ज्वाला, देवास से कवि कुलदीप रंगीला, प्रतापगढ़ से कवि विजय विद्रोही, बेगू से कवि अजय हिंदुस्तानी तथा भीलवाड़ा से कवि राजगोपाल मुमल अपनी रचनाओं की छटा बिखेरेंगे। मोहित गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि साहित्य महायज्ञ के लिए प्रतिभागियों के नियम बनाए गए हैं और विगत छह वर्ष से आयोजित कार्यक्रम में इनका पालन किया जा रहा है कवियों साहित्यकारों की रचनाओं की मौलिकता अनिवार्य है केवल स्वयं की मौलिक एवं स्वनिर्मित रचनाओं का पाठ स्वीकार्य होगा। फिल्मी गीत, भजन या अनुकरण पूरी तरह प्रतिबंधित है। तथा प्रत्येक रचनाकार को अधिकतम 4 मिनट का समय मिलेगा।

शिक्षक दिवस पर भोपाल में हुआ राज्य शिक्षक पुरस्कार सम्मान

सरकारी स्कूल की तस्वीर पर शिक्षक राकेश गुप्ता ने रची सफलता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में भी यदि शिक्षक समर्पण, नवाचार और समुदाय के सहयोग के साथ कार्य करे, तो सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा की तस्वीर बदली जा सकती है। इसका जीवंत उदाहरण है शासकीय प्राथमिक शाला चीताखेड़ी, विकासखंड मल्हारगढ़ (जिला मन्दसौर), जहाँ नवाचारी शिक्षक राकेश गुप्ता के सतत प्रयासों ने विद्यालय को जिले और प्रदेश में नई पहचान दिलाई है। राकेश गुप्ता ने बताया कि जब उनकी पदस्थापना विद्यालय में हुई तब संसाधनों का अभाव था और परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण थीं। उन्होंने उपलब्ध स्थानीय संसाधनों, जनसहयोग और रचनात्मक सोच के माध्यम से विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण एवं टीएलएम के प्रभावी उपयोग की शुरुआत की। वेस्ट सामग्री से शिक्षण-सहायक सामग्री तैयार की गई तथा कक्षाओं को प्रिंट-रिच वातावरण में विकसित किया गया, जिससे बच्चों की सीखने में रुचि और सहभागिता लगातार बढ़ी।

मंदसौर जिले को प्रथम स्थान दिलाने में भूमिका निभाई

विद्यालय के पुस्तकालय को बच्चों की रुचि के अनुरूप विकसित किया गया। कहानी, ज्ञानवर्धक और प्रेरक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत और जिज्ञासा विकसित हुई। साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की देखभाल में भी अभिभावकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय में किए गए नवाचारों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली। राकेश गुप्ता ने मिशन अंकुर की अभ्यास पुस्तिका, पुस्तक लेखन तथा कक्षा 5वीं से 8वीं तक की एडग्रेड पुस्तकों के निर्माण में योगदान दिया। उन्हें राज्य एवं संभाग स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का अवसर भी प्राप्त हुआ। शैक्षणिक नवाचारों के कारण उन्हें एनसीईआरटी, नई दिल्ली में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। वहीं जी20 कॉन्क्लेव, भोपाल में आयोजित टीएलएम प्रदर्शनी में सहभागिता कर मन्दसौर जिले को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि गाँव का एक भी बच्चा निजी विद्यालय में अध्ययन नहीं करता। सभी अभिभावक अपने बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला चीताखेड़ी में ही पढ़ाना पसंद करते हैं। यह विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारों और समुदाय के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

राकेश गुप्ता का कहना है कि इस पूरी यात्रा में बच्चों की मेहनत, अभिभावकों का विश्वास, समाज का सहयोग, वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन और मीडिया का प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा है। उनका मानना है कि शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि तब होती है, जब बच्चे अपने विद्यालय से जुड़ाव महसूस करें, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करने का साहस विकसित करें. किए गए कार्यों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026 राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह , विश्वाश सारंग , डॉ कुंवर विजय शाह द्वारा 5सितम्बर 2026 शिक्षक दिवस पर भोपाल मे सम्मानित किया ।

पर्युषण पर्व में श्रावक-श्राविकाएं धर्म के प्रति समर्पित रहें : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पर्युषण पर्व में आराधना भवन जैन मंदिर में धार्मिक गतिविधियां होंगी

मंदसौर। आराधना भवन जैन श्रीसंघ अध्यक्ष दिलीप रांका, ट्रस्ट अध्यक्ष महेश जैन तहलका ने बताया कि पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व दिनांक 8 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे है। 8 दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के अंतर्गत श्रीसंघ व ट्रस्ट के द्वारा नई आबादी स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में विविध धार्मिक गतिविधियां आयोजित होगी। मंदसौर में चातुर्मास हेतु विराजित आचार्य श्री हेमचंद्रसूरिश्वरजी म. सा. के समुदाय शिष्य श्री विरल विजयजी म. सा. आदि ठाणा 2 व साध्वी श्री शीलरेखा श्रीजी म. सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में दिनांक 8 सितम्बर से 15 सितम्बर तक 8 दिनों में आराधना भवन जैन मंदिर में प्रातः 9 से 10.30 बजे तक विशिष्ट प्रवचन होंगे। पर्युषण पर्व के चतुर्थ दिवस 11 सितंबर को कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन प्रारंभ होगा जो कि संवत्सरी पर्व के एक दिन पूर्व तक होगा। दिनांक 12 सितम्बर को प्रभु महावीर का जन्मवाचन महोत्सव मंदिर परिसर में मनेगा। मुनिराज प्रभु महावीर का जन्मवाचन प्रसंग श्रवण कराएंगे। जन्मवाचन के पश्चात पारणाजी का जुलूस भी निकलेगा। दिनांक 15 सितम्बर को संवत्सरी पर्व मनेगा। प्रवचन समय में मुनिराज बारसा सूत्र का वाचन करेंगे। इस दिन सभी श्रावक-श्राविकाएं उपवास रखकर संवत्सरी पर्व की तपस्या करेंगे। 16 सितम्बर को संवत्सरी पर्व का उपवास करने वाले तपस्वी पर्युषण पर्व में अठाई, तेला आदि तप करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का पारणा होगा। पर्युषण पर्व में प्रतिदिन सायं 7 बजे से प्रतिक्रमण होगा। महिलाओं का प्रतिक्रमण मंदिर परिसर के हॉल में तथा पुरुषों का प्रतिक्रमण आराधना भवन के हॉल में होगा। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक मंदिर परिसर में प्रभुजी की भक्ति होगी।

जैन धर्म व दर्शन में पर्युषण पर्व की विशिष्ट महत्ता है। पर्युषण पर्व में की गयी धर्म आराधना विशिष्ट फल प्रदान करती है। श्रावक-श्राविकाओं को पर्युषण पर्व में सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, पौषध एवं तप-तपस्या करे। पर्युषण पर्व के 8 दिवस में व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान देने की बजाय धर्म आराधना, तप-तपस्या पर ध्यान देवें।

उक्त उद्गार मुनिराज प्रत्यक्षरत्नविजय म.सा. की उपस्थिति में राजेन्द्र विलास जीवागंज में आयोजित धर्मसभा में मुनिराज पवित्ररत्नविजय म.सा. ने कहे। शनिवार को यहा धर्मसभा में कहा कि पर्युषण पर्व आत्मा के उत्थान का पर्व है। हम सब भी पर्युषण पर्व के 8 दिवस में अद्भुत धर्म आराधना करे। श्रावक-श्राविकाओं के 5 दैनिक कर्तव्य व 11 वार्षिक कर्तव्य जो जैन आगमों में बताये गये है उन्हें समझे। शास्त्र के वाचन को पूरा श्रवण करने का प्रयास करे। पर्युषण पर्व के 8 दिवस में छोटी-अद्भुत धर्म आराधना हो किस प्रकार पुण्य कर्म अर्जित करे। पर्युषण पर्व में भी तप-तपस्या करो तो इससे हमारा जीवन आत्म उद्धार की ओर अग्रसर होगा। आपने कहा कि पर्युषण पर्व में क्रोध का बिल्कुल त्याग होना चाहिये। जीवन में हमारे समता भाव आवे इसका प्रयास करे। पर्युषण पर्व में धर्म में कोई ढिलाई नहीं हो। हमारा संघ राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. व पूण्य सम्राट जयंतसेन सूरिश्वरजी का संघ है है हम उनकी गौरवमयी परम्परा के अनुरूप धर्म आराधना व तप-तपस्या करे। आपने कहा कि 8 दिवस के पर्युषण पर्व के दौरान अहिंसा का पूरा पालन हो, घर परिवार में या बाहर किसी भी जीव की विरादना नहीं हो, इसके लिये जो भी नियम जैन आगमों में बताये है उन्हें पूरा करे। आपने कहा कि पर्युषण पर्व के 8 दिवस में पौषध करे तथा अपना पूरा समय स्वाध्याय करते हुए करे, निर्वहन करे। धर्मसभा में बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे।

वानर की करंट लगने से मौत, विधि विधान से दाह संस्कार किया

भानपुरा/ मंदसौर। शनिवार सवेरे पंजाबी कॉलोनी में विद्युत तार के संपर्क में आने से वानर की मौत हो गई। इस पर कुछ विभागों से संपर्क किया जाता रहा परंतु काफी समय तक ध्यान नहीं दिए जाने के बाद विधि विधान से वानर का दाह संस्कार किए जाने के लिए श्री सनातन धर्म मंडल की युवा इकाई सामने आई एवं अध्यक्ष विनोद गौड़, जयेश राठौर, राहुल माली, विकास माली, लक्की राठौर तथा रवि पांउनडिया ने वानर राज की हाथ ठेले में यात्रा निकाली एवं छोटे महादेव मार्ग स्थित श्मशान घाट पर वानर राज का विधि विधान से दाह संस्कार किया गया।



हाजियों का इस्तकबाल किया, सआदत-ए-हज पर दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

कदम-ए-रसूल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बिलाल मस्जिद, मंदसौर में हज यात्रा से लौटे हाजियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फ़रीज़ा-ए-हज की सआदत हासिल कर लौटे हाजियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें मुबारकबाद दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो इंसान को सब्र, त्याग, इख़लास, तौबा और अल्लाह की बंदगी का संदेश देता है। हाजियों का सम्मान करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि मेहमानान-ए-हरम के प्रति आदर और सआदत-ए-हज की तकरीम का प्रतीक है। कार्यक्रम में हाजियों के लिए विशेष दुआएं की गईं तथा उनके हज के मुकद्दस सफर के अनुभवों को भी साझा किया गया। उपस्थित लोगों ने अल्लाह से दुआ की कि सभी हाजियों का हज-ए-मबरूर कबूल हो और उनकी इबादतों की बरकत से समाज में



अमन, भाईचारा और मोहब्बत कायम रहे। कदम-ए-रसूल चैरिटेबल ट्रस्ट की इस पहल को दीनी रिवायतों के संरक्षण तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय प्रयास बताया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष शादाब खान, सचिव सैलानी अब्दुल कादर मंसूरी एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मंदिरों में हर्ष उल्लास के साथ मना कृष्ण जन्मोत्सव

सारंगपुर। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा के साथ लड्डू गोपाल का अभिषेक पूजन किया गया। वही राधा कृष्ण मंदिर रंगेरवाडी,कृष्ण कला मंदिर पटवावाडी,राधा कृष्ण मंदिर सोनी समाज, राधा कृष्ण मंदिर राठौर समाज, चतुर्भुज नारायण मंदिर,बिट्ठल मंदिर पंडितवाडी सहित नगर के विभिन्न देवालयों में कृष्ण जन्मोत्सव पर महाआरती एवं पूजन किया गया।मंदिरों में आरती के बाद आल की के पालकी जय कन्हैया लाल की, नारे से मंदिर गुंजायमान हो उठे,बारिश के कारण श्रद्धालु एक मंदिर से दूसरे मंदिर जाने में पानी से बचते हुए निकले लेकिन पानी ने अपनी रफ्तार कम नहीं की वही जन्माष्टमी के पर्व को देखते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी द्वारा पुलिस बल लगाया गया ।कुछ मंदिरों में दही मिश्री की प्रसाद वितरित की गई ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गांधी चौराहे पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया था। प्रतियोगिता में शहर और ग्रामीण इलाकों से 8 टीमों ने हिस्सा लिया। टीमों ने मटकी फोड़ने के कई प्रयास किए, लेकिन देर रात तक हाथ से मटकी नहीं फोड़ पाए। मटकी करीब 40 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई थी। बाद में इसे घटाकर करीब 30 फीट तक लाया गया। इसके बावजूद रात 12 बजे तक कोई टीम मटकी नहीं फोड़ पाई। खिलचीपुरा की बजरंग व्यायामशाला और कल्याखेड़ी की टीम ने चौथी मंजिल तक मानव पिरामिड बनाया। इससे दर्शकों में काफी रोमांच बढ़ गया। हालांकि बालागंज की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। बाद में रात12.30 बजे एक टीम ने मटकी फोड़ दी।इस कार्यक्रम को देखने के लिए गांधी चौराहे पर हजारों लोग देर रात तक मौजूद रहे। आयोजकों के मुताबिक, करीब 10 हजार लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। पूरा गांधी चौराहा दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।



एडवांस्ड किड्स एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया

जीरापुर। एडवांस्ड किड्स एकेडमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुरुआत विद्यालय के निदेशक गिरिराज गुप्ता ,प्राचार्य ई के जोशी, शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन, प्री-प्राइमरी इंचार्ज ममता चौहान द्वारा राधा-कृष्ण का पूजन करके की गई। विद्यालय के कक्षा 12 की विद्यार्थी मानवी गुप्ता द्वारा अपने भाषण में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर बताया कि कृष्ण ने बाल लीलाओं के माध्यम से ही असुरी शक्तियां को समाप्त किया। तत्पश्चात विद्यार्थी समूह द्वारा एक सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया । प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा धारण करके कार्यक्रम को सुशोभित कर रहे थे। तथा उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अलग-अलग समूहों द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर मटकी फोड़ी। प्राचार्य ई के जोशी ने कहा कि विधालय निरंतर रूप से विधार्थियों को मोटीवेट कर हर गतिविधि से सर्वांगिन विकास की ओर अग्रसर कर रही है ।



दशपुर विद्या मंदिर में टीचर्स डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था दशपुर विद्या मंदिर किटयानी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का स्वागत तिलक लगाकर व माला पहनाकर किया साथ ही विद्यार्थियों ने सुंदर कार्ड भी भेंट किए। माँ शारदा और डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। छात्रा सुहाना और फातिमा ने शिक्षकों के ऊपर अपने विचार व्यक्त किए और उनके



प्रति आभार व्यक्त किया। इसअवसर पर शिक्षकों के लिए विभिन्न खेल आयोजित किये गए विजेता शिक्षक को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शिक्षकों पर कविता गीत प्रस्तुत किए गए।

कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

चांचौड़ा। छात्राओं ने फोड़ी मटकीचाचौड़ा। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर उन्हें लड्डू, फल एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रो. नीलू एवं श्री व्यास ने 'कर्म ही पूजा है' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कर्म के महत्व और जीवन में अच्छे कार्यों की प्रेरणा दी।